दिनांक 6 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा संचालित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने लिया जायजा , स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लौट रहे व्यक्तियों से कुशलक्षेप पूछ कर लिया फीडबैक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्लम क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से शिविर लगाकर लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें वहीं दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है! आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने वार्ड क्रमांक 5 लक्ष्मी नगर दुर्गा पारा तथा वार्ड 36 गौतम नगर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया! निरीक्षण के दौरान योजना के नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त तरुण पाल लहरें उपस्थित रहे! आयुक्त श्री रघुवंशी ने शिविर में चिकित्सकों की उपस्थिति की जानकारी ली! स्वास्थ्य लाभ लेने आए हुए व्यक्तियों को परीक्षण उपरांत उनके कुशलक्षेप और प्राप्त दवाइयों के बारे में पूछकर फीडबैक प्राप्त किया! उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर स्थल में न पहुंचे तो संबंधित एजेंसी के उस दिवस के राशि में कटौती की जावे! शिविर में निर्धारित समय पर मोबाइल मेडिकल यूनिट की उपलब्धता सुनिश्चित हो! निरीक्षण के दौरान आयुक्त महोदय ने दवाइयों की उपलब्धता , स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पर्याप्त इक्विपमेंट्स को लेकर उपस्थित चिकित्सकों से चर्चा की! संगठित, असंगठित, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकारो का शिविर स्थल के माध्यम से अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए! फार्म वितरण एवं फार्म को जमा करने उपरांत श्रम आयुक्त कार्यालय को प्रेषित किए जाने के कार्य को जिम्मेदारी पूर्वक समयानुरूप करने निर्देश दिए! ताकि अधिक से अधिक कर्मकारो का पंजीयन कार्ड बन सके और उन्हें नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिले! उल्लेखनीय है कि जारी शेड्यूल के मुताबिक वार्ड क्षेत्रों में शिविर का आयोजन समय प्रातः8:00 बजे से 3:00 तक किया जा रहा है! मोहल्ले में ही चिकित्सा सुविधा मिलने पर आसानी से बच्चे , युवा, बुजुर्ग शिविर में जांच कराकर एवं दवाई प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है! भिलाई क्षेत्र में तीन मोबाइल मेडिकल मोबाइल यूनिट अपनी सेवा दे रही है! मौसमी बीमारी सर्दी , खासी, बीपी और शुगर की जांच कराने के लिए अधिक लोग शिविर में उपस्थित हो रहे हैं!

अब तक 627 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट से अब तक 627 लोग स्वास्थ्य लाभ ले चुके है! आज सुपेला लक्ष्मी मार्केट के दुर्गा पारा एवं गौतम नगर के शिविर में 114 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमें से 31 लोगों का लैब टेस्ट किया गया तथा 88 मरीजों को दवाई का वितरण किया गया!

जनसंपर्क अधिकारी